सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 05 अंक : 04 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, रविवार, 30 जून, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS · FIT INDIA SCHOOL · TOP 500 · ISO 9001:2015

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD


# 17 साल लंबा इंतजार हुआ खत्म, दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत दूसरी बार बना टी20 विश्व चैंपियन






पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज दिल्ली खेल न्यूज:- भारत ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है. भारतीय टीम ने साल 2007 में इससे पहले विश्व कप अपने नाम किया था. भारत की जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने 76 रनों की पारी खेली. उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया है. फाइनल का मुकाबला काफी रोमांचक रहा और भारत ने आखिरी गेंद पर मैच अपने नाम किया.





**काफी रोमांचक रहा मुकाबला**

दक्षिण अफ्रीकी पारी का 15 वां ओवर फेंकने आए अक्षर पटेल ने ओवर में 24 रन बटोरकर हेनरिक क्लासेन ने भारत को एक समय मैच में पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया था. 15 ओवर का खेल पूरा होने के बाद दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 30 गेंदों पर 30 रन चाहिए थे, लेकिन इसके बाद बुमराह ने अपने अगले ओवर में सिर्फ चार रन दिए. मैच का 17 वां ओवर फेंकने आए हार्दिक ने ओवर की पहली ही गेंद पर क्लासेन का विकटे हासिल किया और इस ओवर में सिर्फ 4 रन दिए. मैच का 18 वां ओवर फेंकने आए बुमराह ने अपने स्पेल के आखिरी ओवर में सिर्फ 2 रन दिए और इस दौरान उन्होंने एक विकेट भी हासिल किया. भारतीय टीम इस समय तक मैच में वापसी कर चुकी थी. 15, 16, 17 ओवर को मिलाकर अफ्रीकी टीम सिर्फ 10 रन जोड़े पाई. मैच का 19 वां ओवर फेंकने आए अर्शदीप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 6 रन देकर मैच को पूरी तरह से रोमांचक बना दिया था. भारत को चैंपियन बनने के लिए आखिरी ओवर में 16 रन डिफेंड करने थे और हार्दिक ने सिर्फ 8 रन दिए और भारत को चैंपियन बना दिया.

## झारखंड में 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को हर माह 1,000 रुपये देगी सरकार, चंपई सोरेन का बड़ा फैसला

पोलिट लाइव रिपोर्टर



रांची: झारखंड में 21 से 50 वर्ष उम्र तक की गरीब एवं जरुरतमंद महिलाओं को राज्य सरकार प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता देगी. यह सहायता 'मुख्यमंत्री माई कुई (बहन-बेटी) स्वावलंबन योजना' के तहत दी जाएगी और इस पर सरकार के खजाने से प्रतिवर्ष 5,500 करोड़ रुपए खर्च होंगे. सीएम चंपई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम आयोजित कैबिनेट की बैठक में दो दर्जन से भी ज्यादा कल्याणकारी और लोकलुभावन योजनाओं पर मुहर लगी.

## आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक कुम्भनाथ सिंह क़े विरुद्ध रणधीर वर्मा चौक पर धरना

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक कुम्भनाथ सिंह को गिरफ्तार करो का नारा लगाते हुए दलित समाज के लोग और विशाल ग्रुप संगठन के लोग पूरा एकजुट होकर रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन। 17 जून 2024 को देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के ब्लास्टिंग करने के दौरान में जिसके घर में क्षति पहुंची थी, वहां के स्थानीय लोगों ने कंपनी के प्रबंधक से बात करने की प्रयास की प्रबंधक कुम्भनाथ सिंह ने दलित लोगों के साथ मारपीट किया बहन बेटी के साथ भी मारपीट किया। यादव भुइया उर्फ़ जगदीश भुइया से मारपीट किया और टारगेट कर गोलियों की बौछार की दलित समाज के लोग और विशाल ग्रुप संगठन के लोग पूरा एकजुट होकर रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर कुम्भनाथ सिंह और उनके सहयोगी को जल्द से जल्द की गिरफ्तारी नहीं किया गया तो सड़क से लेकर पूरे राज्य में इस मामले को छेड़ने का काम करेंगे.




# विशेष लोक अदालत में एक अरब 66 करोड़ 34 लाख 63 हजार परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबादः झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बीसीसीएल सामुदायिक भवन कोयला नगर धनबाद मे एक दिवसीय भू अधिग्रहण, राजस्व संग्रहण, पुनर्वास से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन हुआ। विशेष लोक अदालत में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद न्यायाधीश आनंदा सेन, न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । जिनके द्वारा विभिन्न तरह के विवादों का ऑन स्पॉट निस्तारण कर एक अरब 66 करोड़ 34 लाख 63 हजार




रुपए की परिसंपत्तियों, व नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। वही एक लाख 63 हजार 441 विवादों का ऑनस्पॉट निष्पादन कर दिया गया । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई जिसके बाद नालसा का थीम सोंग हुआ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा द्वारा स्वागत भाषण किया गया जिसके बाद न्यायमूर्ति आनंदा सेन ने सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित किया अपने संबोधन मे न्यायाधीश श्री सेन ने कहा कि भू अधिग्रहण से संबंधित विवाद के मामले में ज्यादा बढ़ते जाते हैं जल्द से जल्द उन्हें पुनर्वासित करने तथा उसे समुचित मुआवजा दिलाना हम लोगों का सामाजिक दायित्व और कर्तव्य है।

विशेष लोक अदालत में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि मुआवजा का अर्थ केवल यह नहीं कि उन्हें रुपए का भुगतान कर दिया जाए परंतु बल्कि मुआवजा का अर्थ यह भी है कि




सामाजिक सुरक्षा के तहत उनके परिवार के जीवन यापन और उन्हें रहने के लिए छत की व्यवस्था करना जस्टिस श्री नारायण ने डीसी धनबाद एवं सीएमडी बीसीसीएल से अनुरोध किया कि वह मुआवजा संबंधित विवादों का निस्तारण तीस दोनों के अंदर करें ताकि लोगों को समुचित उसका लाभ मिल सके वह वह दर -दर की ठोकर खाने से बच जाए।इसके बाद नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से विस्थापित किए गए लोगों के दर्द को दिखाया गया , डालसा के प्रयास से उन्हें नया घर मिला । मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए न्यायाधीश श्री नारायण ने कहा कि चुकी धनबाद में कोयला उत्खनन व भू अधिग्रहण के ज्यादातर मामले पाए गए जिसमें लोगों को समय पर मुआवजा नहीं मिल पाया था इस कारण धनबाद को ही विशेष आयोजन के लिए चुना गया उन्होंने जिला प्रशासन हुआ समस्त पीएसयू कंपनी के अधिकारियों को सुझाव दिया

1. कुल एक लाख 63 हजार 441 विवादों का हुआ निस्तारण
2. हाथी द्वारा कुचले गए युवक की पत्नी को मिला मआवजा
3. बिजली के पोल में सटने से गाय की हुई थी मौत डालसा ने दिलाया मुआवजा
4. 44 लोगों को मिला ऑनस्पाट नियुक्ति पत्र
5. 30 दिनों के भीतर हो मुआवजा संबंधी विवादों का निस्तारण, न्यायाधीश

कि पीड़ित के जगह व खुद को रखकर देखें तब जाकर समस्या का जल्द से जल्द समाधान होगा छह माह पूर्व टुंडी के एक युवक की मौत हाथी द्वारा कुचल देने के कारण हो गई थी उसकी विधवा रेशोमुनि सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाते लगाते थक गई थी परंतु उसे मुआवजा नहीं मिला था .

## पुलिस की पाठशाला में नए कानून के तहत महिलाओ की सुरक्षा व अधिकारों पर की विशेष चर्चा




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आगामी 1 जुलाई से देशभर में तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनयम लागू हो जाएंगे। इन नए कानूनों में आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी संशोधन पेश किए गए हैं, जिसमें समय पर न्याय प्रदान करने, पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण, लैंगिक तटस्थता और महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दन के निर्देशानुसार इन्हीं विषयों को लेकर आज एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में धनबाद पुलिस की तरफ से पुलिस की पाठशाला अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद छात्राओं को नए कानून के तहत महिलाओं के लिए निहित अधिकारों पर विशेष चर्चा करते हुए उन्हें सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) संदीप गुप्ता ने बताया कि नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों के अनुसन्धान को प्राथमिकता दी गई है। दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामलों में अनुसन्धान दो माह के भीतर पूरी करने की व्यवस्था की गई है। नए कानून के तहत विक्टिम को अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का कानूनी अधिकार भी प्रदान किया गया है । डीएसपी ने बताया कि नए कानूनों में ऐसे कई प्रविधान किए गए हैं, जो न्याय की अवधारणा को मजबूत करते हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

- खनिज संपदाओं के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए दिए कई दिशा निर्देश
- संयुक्त छापेमारी में जिला प्रशासन, पुलिस, सीआईएसएफ, जीएसटी की टीम द्वारा किये गए कार्रवाई की हुई समीक्षा
- चिन्हित हॉट स्पॉट पर की गई कार्रवाई, एफआईआर, खनिज जब्ती की हुई समीक्षा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने खनिज संपदाओं के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के रोकथाम व कोयले के अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर प्राथमिकी




दर्ज करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

खनन क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश करने एवं उनके द्वारा कोयला चोरी किए जाने की शिकायत पर चर्चा की गई। इस दौरान खनन क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठकों में दिए गए दिशा निर्देशों की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गई। इसको लेकर उपायुक्त ने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को सीसीटीवी, हाई मास्क लाइट, एरिया बाउंडरी समेत अन्य व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी से खनन टास्क फोर्स द्वारा करवाई, गिरफ्तारी, अवैध कोयला, बालू की जब्ती हाईवे की जब्ती, मशीन एवं उपकरणों की जब्ती की रिपोर्ट की जानकारी ली।

उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने खनन टास्क फोर्स की बैठक में संबंधित सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जितने भी चिन्हित हॉटस्पॉट है उन सभी स्थानों पर लगातार छापेमारी करें साथ ही कार्रवाई करते हुए एफआईआर एवं डोजरिंग अवश्य सुनिश्चित करें। जिला द्वारा बनाई गई जॉइंट टीम को और तत्परता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। कहा कि ऐसे अवैध खादान को डोजरिंग कर ध्वस्त किया जाय। साथ ही सभी सीओ को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जहां भी सूचना मिलती है उन इलाकों में पुलिस के साथ जाकर छापेमारी करें। साथ ही सड़कों पर भी ट्रांसपोर्टेशन के माध्यम से हो रहे अवैध कार्य की छापेमारी कर कार्रवाई करें। कार्रवाई करने के बाद इसकी रिपोर्ट अवश्य बनाएं और कार्रवाई से संबंधित जानकारियां जैसे एफआईआर, गिरफ्तारी, डोजरिंग, सीजर आदि अवश्य दें। इसके अलावा प्रदुषण नियंत्रण हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारी को लगातार जांच कर कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन ने कहा कि आपसी समन्वय हेतु हर 15 दिन में अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी के साथ अवश्य बैठक करें ताकि क्षेत्र में हो रहे खनिज संपदाओं के अवैध कारोबार को रोका जा सके। उन्होंने वहां मौजूद सभी डीएसपी को निर्देशित किया कि जो भी अवैध कारोबार से संबंधित शिकायत आती है उसे पर त्वरित कार्रवाई करें।

# T20 वर्ल्ड कप दूसरी बार चैंपियन बनने के बाद, धनबाद के खेल प्रेमियों ने निकाला सड़क पर

**खूब आतिशबाजी कर फोड़े पटाखे...**

पोलित लाइव रिपोर्टर






धनबाद : T20 वर्ल्ड कप में भारत की दूसरी बार चैंपियन बनने के बाद, धनबाद के खेल प्रेमियों ने सड़क पर निकल कर खूब की आतिशबाजी एक से एक पटाखे फोड़ सभी ने दिवाली मनाई, हर गली मुहल्लों में युवाओं की टीम घर से निकल कर सड़कों पर आ गई थी, कुछ तो रणधीर वर्मा चौक पर आ कर जीत का जश्न मनाया, हांथो में तिरंगा लिए,गालों पर अबीर गुलाल लगाए ख़ुशी में झूमते लोग पटाखा फोड़े.

## भाजपा धनबाद जिला महानगर ने ढाई हजार फलदार पौधे कार्यकर्ताओं और आमजन में बांटे गए

पोलित लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर द्वारा आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ढाई हजार पौधे (2500) कार्यकर्ताओं और आमजन में फलदार बांटे गए।

इस अवसर पर धनबाद के विधायक राज सिंहा ने कहा कि"एक पेड़ मां के नाम" अभियान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और जनसहयोग से सफल हो रहा है। इस अभियान के लिए अधिकतम जन सहभागिता के प्रयास किये जा रहे है। विधायक राज सिंहा जी ने उपस्थित सभी से कहा कि आप अपने क्षेत्र में पौधा लगाए और लोगों से भी पौधा लगाकर उसके संरक्षण करने के लिए कहें। आज ग्लोबल वार्मिंग से पूरी दुनिया परेशान है। हम सबों का यह कर्तव्य है की अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और इस समस्या के समाधान के लिए अपना योगदान दें।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष श्री श्रवण राय ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर में अनेक स्थानों पर प्रतिदिन कार्यक्रम हो रहे हैं ।आगामी 6 जुलाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती तक भारतीय जनता पार्टी के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर अच्छी संख्या में पेड़ लगाकर उसके संरक्षण की भी व्यवस्था करेंगे।

## सेवा और समर्पण संस्था ने गंभीर बीमार महिला को 5000 रूपये की इंजेक्शन दिलाया





**यह एक ऐसी संस्था है जो हर क्षेत्र में काम कर रही है, चाहे वह बच्चों को आत्मरक्षा का कोर्स कराना हो या गरीब बेटी की शादी में सहयोग, या फिर पीएमसीएच अस्पताल में अटेंडेंट मारिज के साथ आये हुए लोगों को दलिया खिलाना हो , या रोजगार में मदद की बात हो**

पोलित लाइव रिपोर्टर

धनबाद : सेवा परम धर्म की मूल मन्त्र क़े साथ सेवा ओर समर्पण संस्था आगे बढ़ रही है, अत्यंत गरीब विधवा पुनम देवी हीरापुर निवासी जो बहुत गंभीर बीमारी से ग्रसित है, जिसे 5000 रूपये का एक इंजेक्शन का सहयोग करते हुए सेवा और समर्पण ने दिलवाया, पुनम देवी के पेट में पानी भर गया था जिसको इंजेक्शन द्वारा निकाला जा सकता था, सेवा और समर्पण के सभी सदस्य मिलकर के पैसे का इंतजाम किया,और पीएमसीएच में जाकर इंजेक्शन दिलाया, उक्त अवसर पर संस्था अध्यक्ष काजल झा ने बताई की संस्था की कोशिश होती है की कोई भी मदद मांगता है तो पूरा प्रयास होता है की उसे पूरा किया जाय चाहे काम कितना भी कठिन या बड़ा क्यों ना हो, सचिव मनीषा सिंह समेत सुरभि जी नेताजी मिताली जी अनीशा, रोमा जी विमल जी उषा जी रजनी जी सीमा जी शिप्रा जी पुष्कर जी इत्यादी मौजुद थे.



# क्रॉस कंट्री रेस, रस्साकसी तथा हैंडबॉल प्रतियोगिता के साथ ओलिंपिक डे सप्ताह-व्यापी खेल संपन्न





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : इंटरनेशनल ओलिम्पिक डे के उपलक्ष में झारखण्ड ओलिम्पिक संघ के तत्वाधान में धनबाद जिला ओलिम्पिक संघ द्वारा गत 23 जून से जिले में जारी सप्ताह-व्यापी खेल का आज क्रॉस कंट्री रेस, रस्साकसी तथा हैंडबॉल की स्पर्धा के साथ समापन हो गया. कार्यक्रम के अंतिम दिन आज सर्वप्रथम जिला एथलेटिक्स संघ के देख-रेख में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन डीएवी कोयला नगर में प्रारम्भ हुआ. प्रतियोगिता के दौरान बालक तथा बालिकाओं के उम्र के आधार पर 6 अलग अलग वर्ग निर्धारित की गई थी. सभी वर्ग के प्रथम तीन विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं: प्रतियोगिता का सुभारम्भ जिला एथलेटिक्स संघ की अध्यक्ष सह जिला ओलिम्पिक संघ की उपाध्यक्ष किरण रानी नायक द्वारा स्वागत भाषण से प्रारम्भ हुआ तत्पश्चात धनबाद जिला ओलिंपिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी द्वारा फ्लैग ऑफ करते हुए रेस का उद्घाटन किया गया. इस प्रतियोगिता में जिले भर से 150 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया जिनके बीच बालक तथा बालिकाओं के लिए विभिन्न आयु वर्ग के कुल 6 अलग-अलग स्पर्धाएं आयोजित हुई. सभी वर्ग के विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं: -14 वर्ष (बालक): आदित्य कुमार तिवारी (प्रथम), अंकित कुमार राम (द्वितीय) तथा सुधांशु राज (तृतीय). -14 वर्ष (बालिका): शालिनी कुमारी (प्रथम) आरुषि कुमारी (द्वितीय) तथा अनन्या कुमारी (तृतीय). -16 वर्ष (बालक): बिट्टू कुमार यादव (प्रथम), उत्तम कुमार रजवार (द्वितीय) तथा अभिषेक हज़ारी (तृतीय). -16 वर्ष (बालिका): डोली कुमारी (प्रथम), रिया कुमारी (द्वितीय) तथा बबिता कुमारी (तृतीय). -18 वर्ष (बालक): सुनील कुमार महतो (प्रथम), छोटू कुमार (द्वितीय) तथा शुभम कुमार (तृतीय). -18 वर्ष (बालिका): तनु कुमारी (प्रथम), आशा




कुमारी (द्वितीय) तथा अनु कुमारी (तृतीय). प्रतियोगिता के अंत में डीएवी कोयला नगर के प्राचार्य एन. एन. श्रीवास्तव द्वारा सभी वर्ग के विजेताओं के बीच पदक तथा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. मौके पर जिला एथलेटिक्स संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे: किरण रानी नायक, बंधन टोप्पो, राणा प्रताप सिंह, सिब्ब्रत मंडल, मो. ज़ुबैर आलम, तारक नाथ दास, सुनील कुमार मिश्रा, पी. एन. बनर्जी, श्याम नारायण गुप्ता, जोली सरकार, सुजापा ठाकुर, अरविन्द तिवारी, विनय कुमार शर्मा, नरेश पासवान, पंकज सिंह, लखन पाल, सुजस ठाकुर, सूरज कुमार, रंजीत द्वसंदी, मो. फरीद तथा आलोक कुमार. इसके बाद आमघाटा स्थित मोंटफोर्ट अकाडेमी में बालक एवं बालिकाओं के वर्ग में रस्साकासी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का उद्घाटन स्कूल की निदेशक सह मुख्य अतिथि विषा अग्रवाल, प्राचार्य प्रशांत कुमार तथा जिला ओलिंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष रेज़ा इश्त्याक द्वारा किया गया जबकि मौके पर जिला ओलिम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, कोषाध्यक्ष पवन बरनवाल, संयुक्त सचिव मृदुल बोस, कार्यकारी सदस्य प्रियरंजन कुमार तथा स्कूल की सीनियर कोऑर्डिनेटर काकोली सान्याल विशेष रूप से उपस्थित थीं. बालिका वर्ग की स्पर्द्धा में मोंटफोर्ट अकाडेमी की टीम विजेता घोषित हुई जबकि बालक वर्ग में धनबाद टीम के खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता टीम का ख़िताब अपने नाम किया. विजेता टीम के खिलाडियों में नाम इस प्रकार हैं: (महिला टीम) पारुल कुमारी (कप्तान), रिया कुमारी, संचिता मुखर्जी, साक्षी मिश्रा, सारा मल्लिक डेनियल, कृष्णा तुलसी, आकृति कुमारी, आरफा नूरी, तमन्ना तथा आर्शी मलका. (पुरुष टीम) गोपाल मंडल (कप्तान), नेहाल सिंह, तेजस्वी सिंह, शिबू कुमार महतो, आरव शर्मा, हर्ष राज, रूद्र श्रेष्ठ, राजवीर तिवारी, प्रीतम तथा श्रेयांश किशोर. रस्साकसी प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय निर्णायक ममता पांडे द्वारा किया गया। इस पुरे सप्ताह- व्यापी खेल की अंतिम स्पर्धा डीएवी मोडल स्कूल, सीएफआरआई में आयोजित हैंडबाल प्रतियोगिता रही जिसके फाइनल मैच में डीएवी मोडल स्कूल की टीम ने धनबाद टीम को 13 - 11 सै पराजित कर ओलिम्पिक डे ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमाया. विजेता टीम के खिलाडियों के नाम इस प्रकार हैं: रौशन कुमार (कप्तान), हर्ष कुमार, विनीत रजवार, उज्ज्वल कुमार, छोटू कुमार सिंह, सुशांत झा, बादल मंडल, अभिनव, रितेश कुमार तथा शिवम कुमार. प्रतियोगिता का तकनिकी सञ्चालन स्कूल के खेल शिक्षक सह धनबाद जिला ओलिम्पिक संघ के उपाध्यक्ष संतोष सिंह द्वारा किया गया. प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीम को स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह तथा जिला ओलिम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, संयुक्त सचिव तारक नाथ दास तथा मृदुल बोस द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.

## पंख एक नई दिशा की ओर से लालमणि वृद्धा आश्रम को कुलर और फल भेंट दिया गया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : पंख एक नई दिशा की ओर से लालमणि वृद्धा आश्रम में कुलर और फल दिया गया। लालमणि आश्रम में बुजुर्ग लोग गर्मी से काफ़ी परेशान थे इस लिए हमारी संस्था की उपाध्यक्ष नम्रता गुप्ता जी के द्वारा लालमणि वृद्धा आश्रम,सबलपुर में कुलर दिया गया। सभी लोग गर्मी से बैचेन थे और इतनी गर्मी को देखते हुए आज शाम 4 बजे लालमणि वृद्धा आश्रम प्रांगण में कुलर लगाया गया सभी बुजुर्गो के चेहरे पर मुस्कान आ गई साथ में संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, सुषमा प्रसाद,सुधा गुप्ता,श्रुति गुप्ता,शशि शेखर गुप्ता,मनीष गुप्ता,शिव शंकर गुप्ता आदि मौजूद थे।

## टुंडी कोटालडीह के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ में मारी टक्कर, तीन की मौत

**भोक्ता मेला देखने रिश्तेदार के घर आए तीन लड़कों की सड़क हादसे में मौत**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद :टुंडी थाना क्षेत्र के कोटालडीह के समीप बाइक अनियंत्रित होकर खजूर पेड़ में जोरदार ठोकर मार दी. जिससे बाइक सवार तीन लड़कों की



मौके पर मौत हो गई। मृतकों में शाहिद अंसारी 18 वर्ष,सोनू अंसारी 18 वर्ष शामिल हैं. बताया जाता है कि शाहिद अंसारी एवं सोनू अंसारी अपने रिश्तेदारी में भोक्ता मेला देखने आए थे और शनिवार सुबह लगभग 9 बजे अपने रिश्तेदार के साथ लछुरायडीह से नहाने के लिए बाइक पर सवार होकर जोरिया जा रहे थे.तभी अचानक कोटालडीह के समीप अनियंत्रित होकर उनकी बाइक खजूर पेड़ में जोरदार ठोकर मार दी. जिससे मौके पर ही तीनों लड़कों की मौत हो गई.आनन फानन में परिजन एवं ग्रामीण तीनों युवकों को SNMMCH धनबाद ले गए जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना को लेकर परिजनों की चीख पुकार से माहौल गमगीन है.






# इंकलाबी नौजवान सभा क़े राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक अग्रसेन भवन गोविंदपुर में शुरू हुई

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर: इंकलाबी नौजवान सभा राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक शनिवार को अग्रसेन भवन में शुरू हुई। इसमें लोकसभा चुनाव परिणाम व संगठन के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। अलग अलग राज्यों से आए राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों ने संगठन विस्तार एवं आंदोलन का प्रतिवेदन रखा। सभा के राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि चुनाव नतीजों ने मोदी सरकार पर लगाम लगाया है। युवाओं ने यह दिखा दिया है कि हमारे बुनियादी सवालों को दरकिनार कर सरकार चल नहीं सकती है। संगठन नफरत नहीं अधिकार चाहिए, सम्मानजनक रोजगार चाहिए के नारे के साथ युवाओं को संगठित कर रहा है । बैठक में बिहार के विधायक शिवप्रकाश रंजन के साथ झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, हरियाणा के साथियों की भागीदारी रही। रविवार को आगामी आंदोलन की रूपरेखा, संगठन की मजबूती, नए राज्यों में संगठन का विस्तार समेत अन्य विषयों पर चर्चा होगी। नौजवान सभा ने केंद्र सरकार के 30 लाख से अधिक खाली पदों को भरने, पेपर लीक पर रोक लगाने, प्राइवेट एजेंसी से परीक्षा लेना बंद कराने, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को रद्द करने, सभी बेरोजगार नौजवानों को 15 हजार प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने, अग्निवीर योजना रद्द करने, ठेका पर बहाली बंद करने, दमनकारी कानूनों को खत्म करने व सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने की मांग की है।




## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर जयरामपुर मोर झामुमो कार्यालय के समीप कार्यकर्ताओं ने मिठाई बाँट कर खुशी मनाएं



पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय नेता युदेश्वर सिंह के नेतृत्व में जयरामपुर मोर स्थित झामुमो कार्यालय के समीप कार्यकर्ताओं ने मिठाई बाँट कर खुशी मनाएं, योदेश्वर सिंह ने कहा कि भाजपा जानबूझकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फसाया इडी और सीडी लगाकर उनके लोकप्रियता को दबाने का प्रयास किया गया लेकिन जनता सब जान रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा जो काम कर रही है, उससे भाजपा सरकार घबरा गया आने वाला चुनाव में इसका जवाब यहां की जनता भाजपा को देगी।वहीं इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा बलियापुर के नेतृत्व में, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर, खुशी का इजहार किया और इसे न्याय की जीत बताया। जिसमें मुख्य रूप से झामुमों के वरिष्ठ नेता युद्धेश्वर सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष निर्मल रजवार, प्रखंड सचिव फागू नापित, प्रभाष सिंह, कन्हाई सिंह, हराधन मोदक, हिरालाल गोराई, अशोक सिंह, फलाली सिंह, हराधन महतो, कृष्णा प्रसाद सिंह, प्राण किशोर राय, प्रताप सिंह दिलीप सिंह, फलाली सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गोविंदपुर नागरिक समिति ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह




पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि मोबाइल फोन ने विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। विद्यार्थी मोबाइल की लत नहीं छोड़ पा रहे हैं और अभिभावकों में भी दम नहीं कि वह अपने बच्चों का पीछा मोबाइल से छुड़ा सकें। बच्चों में नैतिकता खत्म होती जा रही है । वह शनिवार को गोविंदपुर नागरिक समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे । श्री कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता का उपयोग पढ़ने में नहीं मोबाइल देखने में कर रहे हैं। इसका सदुपयोग नहीं दुरुपयोग हो रहा है और कोरोना ने एलकेजी से लेकर प्लस टू तक के बच्चों को मोबाइल के आगोश में समा दिया है । मोबाइल देखकर नाबालिक बच्चियां भी घर से भाग जा रही है। बच्चे मोबाइल के प्रति जितने सीरियस हैं, उतने अपने कोर्स की किताबों के प्रति नहीं।डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती ने कहा कि यदि लगन हो तो सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी बेहतर कर सकते हैं। पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने आगामी 1 जुलाई से देशभर में लागू होने वाले नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समिति अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए समिति हर वर्ष मैट्रिक इंटर में बेहतर करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करती है। संचालन ओमप्रकाश बजाज व धन्यवाद ज्ञापन आनंद जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए प्लस टू हाई स्कूल गोविंदपुर के प्राचार्य दिनेश सिंह, नगरकियारी की प्राचार्य डॉ मीरा सिंह, शिक्षक जयंत चक्रपाणि , अवनिकांत झा, मथन चंद्र दसौंधी, रामचंद्र मिश्र एवं संचिता कर, जल संरक्षण के लिए अधिवक्ता रहमत अंसारी, सीए कौशिक अग्रवाल व योगा नेशनल चैंपियनशिप मे भागीदारी के लिए आदर्श रजक, बाल वैज्ञानिक इरशाद हुसैन समेत मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 150 छात्र-छात्राओं को बैग एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । उन्हें भोजन भी कराया गया।

मौके पर एनएचएआई अधिकारी एलपी सिंह, किशन अग्रवाल, मोबिन अंसारी, जितेश जायसवाल, विष्णु सिन्हा, विपिन रजक, राजा दास, जहीर अंसारी, हीरेन मंडल, डॉ आरके शर्मा, कमलदेव मंडल, विकास कुमार, बाबू भगत, मनोज अग्रवाल, मंजर आलम, प्रदुमन लायक, अनंत दत्ता, गोविंद राय आदि शामिल थे।



# कैलूडीह स्थित एस.टी.जी (डेको)आउटसोर्सिंग में काम चालू करने और बंद करने के सवाल पर दो गुट हुए आमने-सामने

## समय रहते पुलिस ने संभाला मोर्चा, टला खूनी संघर्ष, आज होगी वार्ता

पोलिट लाइव रिपोर्टर



कतरास: कैलूडीह स्थित जीटीए आउटसोर्सिंग में शनिवार को दो गुट आमने-सामने हो गए. खूनी संघर्ष की संभावना को देखते हुए कतरास पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया और दोनों के आमने-सामने होने से पहले ही पुलिस पहुंच गयी.बरोरा मधुबन सहित कई थाने के पुलिस छावनी में तब्दील हो गया. भारी संख्या में पुलिस बल को देखते हुए दोनों गुटों को पीछे हटना पड़ा. एक गुट एचपीसी की मांग को लेकर पिछले 25 जून से आंदोलित है. इधर प्रबंधन ने 25-25 मजदूरों को बार छटनी कर मजदूर को हटा दिया था. जिससे वहां स्थिति और बिगड़ गई . शुक्रवार को आउटसोर्सिंग कंपनी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संगठन सचिव अताउल रहमान के आग्रह पर आउटसोर्सिंग कंपनी ने 50 मजदूरों को पुन बहाल कर लिया. बहाली के बाद आज मजदूर काम करना चाहते थे जैसे ही मजदूरों ने काम करने की योजना बनाई वैसे ही दूसरे गुट के मजदूर भड़क गए और एक दूसरे से मरने मारने को तैयार हो गए. जिससे स्थिति बिगड़ने लगी इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई मामला बिगड़ता की कतरास पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया.घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया. कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के दो गुट आमने-सामने हो गए हैं. विधि व्यवस्था को देखते हुए कतरास पुलिस ने सशस्त्र बल तैनात कर दिया है. कल 10:00 बजे दोनों पक्ष के लोग, आउटसोर्सिंग प्रबंधन तथा बीसीसीएल अधिकारियों के बीच गोविंदपुर एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक रखी गई है. जिसमें में वार्ता होगी विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कतरास थानेदार असित कुमार सिंह,बरोरा थानेदार विकास कुमार,मधुबन थानेदार जयप्रकाश सशस्त्र बल के साथ तैनात हैं.

### झामुमो को कतिपय लोग कर रहे हैं बदनाम:अताउल रहमान

कतरास:युवा झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संगठन सचिव अताउल रहमान ने बताया कि कतिपय लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा को बदनाम करना चाहती है.पार्टी के बैनर तले अपनी निजी स्वास्थ्य साधना चाह रही है. मजदूरों के हितों का कोई ख्याल नहीं रखा जा रहा है. जिससे बार-बार आउटसोर्सिंग में समस्या उत्पन्न हो रही है.

# पेड़ की टहनी से लटकता मिला 18 वर्षीय युवक का शव

- पिता ने जताया हत्या की आशंका

पोलिट लाइव रिपोर्टर

महुदा: भाटडीह ओपी क्षेत्र के पारजोरिया बस्ती में शनिवार सुबह जोरिया नदी के समीप सुभाष महतो के पुत्र बाबूराम महतो (18 वर्ष) का शव रस्सी के सहारे पेड़ की टहनी से लटकता मिला। लोगों ने जब शव लटकते देखा तो स्वजनों को सूचना दिया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतक के पिता सुभाष ने हत्या का संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि रात करीब 10 बजे तक हमदोनों एक साथ एक ही कमरे में खाना खाया। खाना खाने के बाद बाबूराम अपना मोबाइल लेकर बाहर निकल गया। सुबह जब नास्ता के लिए उसे फोन किया तो उसका मोबाइल मिला। आसपास खोजबीन किया लेकिन उसका पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व लोहपिट्टी पंचायत के छाताटांड़ टोला के कुछ युवकों ने घर आकर बाबूराम को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।

पोलिट लाइव के 5वें वर्षगाँठ पर हार्दिक बधाई




पोलिट लाइव के 5वें वर्षगाँठ पर हार्दिक बधाई









# जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, गोड्डा ने बढ़ते कदम कोचिंग संस्थान का निरीक्षण कर छात्र एवं छात्राओं को सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के तैयारियों के संबंध दिए कई अहम टिप्स

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : जिला प्रशासन के द्वारा पुराने समाहरणालय में चलाए जा रहे "बढ़ते कदम कोचिंग संस्थान" को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त गोड्डा के द्वारा निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोचिंग संस्थान संस्थान में पढ़ रहे छात्र एवं छात्राओं से शिक्षण संबंधी जानकारियां ली। वहीं उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समस्याएं सभी के जीवन में आती है परंतु उनसे घबराना नहीं है अपने मेहनत पर अपने मुकाम को हासिल करना है चाहे कितनी भी मेहनत करनी



पड़े। जो छात्र और असफल हुए हैं वें कभी भी ना घबराए उनके लिए अवसर आते रहेंगे अवसर को पकड़ने का प्रयास करें इसके लिए आपका प्रयास बहुत ही जरूरी है आप अगर चाहे तो अपने मुकाम को हासिल कर सकते हैं। वशर्ते मेहनत करने के लिए आप में जुनून और जज्बा होनी चाहिए। आप सिविल सेवा की परीक्षा में तैयारी कर रहे हैं अपने आप को कभी भी यह महसूस होने ना दें कि मैं यह काम नहीं कर सकता हूं। सच्ची मेहनत के बल पर कोई भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। जिन छात्र एवं छात्राओं का इस वर्ष प्रारंभिक परीक्षा में नहीं हुआ वे निराश ना हो अगली तैयारी में जुड़े रहें सफलता एक दिन ना एक दिन आपकी कदम चूमेगी।
ज्ञात हो कि जिले में जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिला प्रशासन के द्वारा डीएमएफटी गोड्डा के सहयोग से जेपीएससी की तैयारी करने वाले छात्र एवं छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा नई दिल्ली के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान शुभ्रा रंजन आईएएस स्टडी प्राइवेट लिमिटेड के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा शिक्षा दी जा रही है।
इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी गोड्डा फैजान सरवर, सहित डीएमएफटी के अधिकारीगण कोचिंग संस्थान के शिक्षकगण, छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

## उन्नति का पहिया कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली छात्राओं के बीच मेहरमा प्रखंड परिसर में साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न





पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : उन्नति का पहिया कार्यक्रम के अंतर्गत मेहरमा प्रखंड परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम को लेकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विधायक दीपिका पांडेय सिंह व पदाधिकारी गण, उक्त अवसर पर उन्नति का पहिया कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली छात्राओं के बीच मेहरमा प्रखंड परिसर में साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया..

## मुखिया अनामिका देवी ने शिवलीवाड़ी मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच पुस्तक एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



कुमारधुबी: शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत की मुखिया अनामिका देवी ने शिवलीवाड़ी मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच पुस्तक एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया ने कहा की किताबें विद्यार्थियों की आत्मा है । इसके बगैर बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए इन्हें समय पर पुस्तक के साथ-साथ शिक्षण सामग्री दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभिभावक विद्यार्थियों पर ध्यान रखें उन्हें किताबों में मशगुल रहना चाहिए न कि मोबाइल में। मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापिका सास्वती पांडा,प्रमिला कुमारी, सलीम अंसारी,प्रभात कुमार आदि उपस्थित थे।

## सावधान क्षेत्र में बजाज फाइनेंस का बिचौलिया हॉबी कहि आपको भी फाइनेंस कराने के नाम पर लूट न ले

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : एक ओर साइबर ठगों द्वारा आम जनता को ठगने में कोई कसर नही छोडा जा रहा है वही दुसरी ओर लोगो को बजाज फाइनेंस के नाम पर बजाज फाइनेंस कर खुद पैसे गटक जाने का मामला भी प्रकाश में आया है ताजा मामला कतरास बाजार का है, ,बजाज फाइनेंस का एजेंट और दुकानदार मिलकर खनुडीह और भीमकनाली की दो औरतों का फर्नीचर खरीदने के नाम पर बजाज फाइनेंस करा कर सारा पैसा 75000 रुपये खुद (एजेंट और दुकानदार ) गटक गए कुछ दिन बाद जब बजाज का रिकवरी एजेंट पैसे का तगादा करने घर पर पहुँचता है तब सारे मामले से पर्दा उठता है और महिलाएं दौड़ी दौड़ी कतरास पुलिस के पास पहुँच कर लिखित शिकायत देती है ।

## तिसरा क्षेत्र के बीमार पत्रकार दीपक कुमार दुबे की ओर बढ़ने लगे मदद की हाँथ



पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : जिंदगी और मौत से जूझ रहे तिसरा क्षेत्र के पत्रकार दीपक कुमार दुबे से मिलने शनिवार को भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह झारखंड मुक्ति मोर्चा के युद्धेश्वर सिंह अपने समथको के साथ उनके आवास पहुंचे एवं अपने स्तर से आर्थिक सहायता की। नेताओं ने कहा कि इस विकट परिस्थिति में सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा यदि सभी लोग मिलकर प्रयास करेंगे तो असंभव काम नहीं है। सांसद ढुल्लू महतो धनबाद आएंगे तो उनसे मिलकर बात करेंगे।
बताते हैं कि चांद कुइया कल लोनी के रहने वाले पत्रकार विगत तीन वर्षों बीमारी से ग्रसित हाल हि मैं हैदराबाद अस्पताल गए थे तो वह डॉक्टर ने लीवर बदलने की बात कही गए जिसमें लगभग 40 लाग रुपया खर्च बताया गया पत्रकार की आर्थिक स्थिति सही नहीं है जिससे कि वे अपना इलाज करा सकते इसलिए समाज के हर वर्ग के लोग , समाजसेवी बुद्धिजीवी, से अपील की गया कि उनकी मदद की जाए ताकि उनकी जान बचाया जा सके। मोके पर आशीष मुखर्जी, मंटू रवानी, रविंद्र सिंह, मिंटू साव बिरंची सिंह सुनील मोदक प्रवीर मुखर्जी, कन्हैया सिंह प्रभास सिंह, धर्मेंद्र राय, विजय रवानी आदि लोग थे।

## बी सी सी एल के सिजुआ क्षेत्र के ओर से सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल संस्था को 500 फलदार पौधा दिया गया




पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : समर्पण एक नेक पहल संस्था द्वारा संस्था के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पुरा जिला में 10000 पौधारोपण का संकल्प लिया गया है। उसी संदर्भ में सिजुआ क्षेत्र द्वारा संस्था को अपने मद से 500 फलदार पौधा रोपण के लिए दिया। कार्यालय के लोगों ने कहा कि हमलोग एक या दो पौधारोपण कर सकते हैं मगर संस्था के द्वारा सैकड़ों पौधारोपण हों रहा है, इसलिए यह पहल हमलोगों द्वारा किया गया है। इसमें पर्यावरण विभाग के राजेश रंजन का सराहनीय योगदान है।संस्था के संस्थापक दिपेश चौहान ने बताया कि संस्था द्वारा दस हजार से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया है। जिसके तहत् पुरे जिला में संस्था के सदस्यों द्वारा सामाजिक, धार्मिक, सरकारी एवं गैर सरकारी स्थानों पर पौधारोपण किया जा रहा है। हमलोगों ने अपने लक्ष्य से ज्यादा पौधारोपण करने और आम लोगों को पौधारोपण करने के लिए जागरूक करने का भी अध्क प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के पश्चात संस्था द्वारा उस पर नंबरिंग कर संस्था का टैग भी लगाया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप केंद्रीय सचिव राज गोस्वामी, धीरज सिंह, सोनू कुमार, रोहित चौहान, लकी कुमार उपस्थित थे।

# भाजपा नेत्री रागिनी सिंह झरिया क़े समस्याओं को ले कर बीसीसीएल सीएमडी सिमरन दत्ता से मिली

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जनता श्रमिक संघ की महामंत्री श्रीमति रागनी सिंह ने बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता से उनके कोयला भवन स्थित कार्यालय के मुलाकात कर झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों के सुरक्षित पूर्णवास, रोजगार समेत विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की साथ ही महा प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता जी को ज्ञापन सौंप आवश्यक पहल करने की सिफारिश की। ज्ञापन के माध्यम से लोकप्रिय जननेत्री रागनी सिंह ने कहा कि झरिया विधनसभा क्षेत्र में अधिकांश अग्नि प्रभावित वाले क्षेत्र में



आकस्मिक घटनाएं हो रही है। आकस्मिक घटना होने में जानमाल की क्षती होती है तथा स्थानीय आमजन की जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ती दिख रही है।साथ ही अग्नि प्रभावित में भूधासान में आकस्मिक रूप में लोग काल-कलियन हुए है। इस संबंध में मैंने पूर्व में स्थानीय प्रशासन और आपके अधिनस्थ प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से सूचित करती आ रही हु, परन्तु स्थानीय आमजन के समस्याओं का आजतक निदान नहीं दिलाया जा सका है। उल्लेखनीय होगा कि अग्नि प्रभावित क्षेत्र में निर्वासित लोगों द्वारा विगत एक दशक मे अपनी सुरक्षा हेतू सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वासित करने की मांग की जाती रही है साथ ही साथ झरिया में बन्द पड़े सभी खदानों को बेरिकेटिंग कर उसे सुरक्षित किया जाए। अतः उक्त संदर्भ और तथ्यों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रहित व जनहित में आग्रह होगा कि (i). झरिया 7 नं० से झरिया गोशाला मोड़ तथा (ii). मोहरी बांध मे स्टेशन रोड़ के समीप उन्हे पुनर्वासित किये जाने हेतू अग्रेतर कार्रवाई की जाए। वही श्रीमती सिंह ने कोरोना काल में जिन कर्मचारियों का कोरोना से निधन हो गया उनके आश्रितों को अब तक नियोजन नही दिए जाने पर चर्चा की वही बेलगढिया टाउनशिप में शिफ्ट हुए स्थानीय लोगो को कार्य स्थल पर जाने के लिए निशुल्क बस की व्यवस्था देने और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की ।